देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 269 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 2 फरवरी 2022

**विचार–प्रवाह...**नए माइंडसेट की जरूरत





मौसम | अधिकतम 15.0° | न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 तुर्की बना आईएसआई का नया गढ

7 हार्दिक पंड्या डिमोट होते हैं तो हैरानी नहीं

# करदाताओं को मिला धन्यवाद और आभार

## वित्त मंत्री के रूप में अपना चौथा और मोदी सरकार 10वां आम बजट पेश किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्णकालिक वित्त मंत्री के रूप में अपना चौथा और मोदी सरकार 10वां आम बजट पेश किया। इस बार के बजट में आम आदमी की उम्मीदों को एक बार फिर से झटका लगा है। दरअसल, इस बार भी सरकार की ओर से आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ मामलों में आम आदमी को राहत देने की घोषणाएं भी की गई हैं। जैसे कि आयकर रिटर्न फाइल करने में हुई गड़बड़ी को सुधारने के लिए दो साल का समय दिया गया है। देश में 80 लाख नए घर बनाए जाएंगे और 60 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा आरबीआई की ओर से इस साल डिजिटल करेंसी लॉन्च किए जाने का एलान किया गया है।

**पीएम गति शक्ति का मास्टर प्लान तैयार**

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना का मास्टर प्लान तैयार है। इसके तहत नेशनल हाईवे नेटवर्क 25 हजार किमी तक बढ़ाया जाएगा। इस मिशन के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बता दें कि इस योजना का शुभारंभ 13 अक्तूबर 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था।

**एमएसपी सीधे किसानों के खाते में:** किसानों को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने एलान किया कि अब 2.37 लाख करोड़ रुपये की एमएसपी सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही किसानों को डिजिटल सर्विस मिलेगी, जिसमें दस्तावेज, खाद, बीज, दवाई से संबंधित सेवाएं शामिल हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी से आय पर टैक्स

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट भाषण में आभासी मुद्रा या क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अब क्रिप्टोकरेंसी के जरिए होने वाली आय पर 30 फीसदी का टैक्स चुकाना होगा। इसके बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मीडिया के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने क्रिप्टो पर लगाए गए टैक्स और डिजिटल करेंसी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि करेंसी सिर्फ वह होती है, जो रिजर्व बैंक जारी करता है, जो इसी साल किसी समय जारी की जाएगी। क्रिप्टो कोई करेंसी नहीं है। उसके ट्रांजेक्शन पर टैक्स लगाया गया है।



**डाकघर में एटीएम सुविधा:** बजट 2022 के प्रमुख एलानों की फेहरिस्त में डाकघर डिजिटल किए जाने की भी घोषणा की गई। वित्त मंत्री के अनुसार, देश के 1.5 लाख डाकघर अब कोर बैंकिंग से जुड़ेंगे। डाकघरों में एटीएम सुविधा दी जाएगी, पोस्ट ऑफिस में डिजिटल सुविधाएं मिलेंगी।

**आईटीआर में सुधार के लिए 2 साल:** अपनी बजट घोषणाओं के क्रम में हालांकि, वित्त मंत्री ने आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया, लेकिन आयकर रिटर्न फाइल करने में हुई गड़बड़ी को सुधारने के लिए दो साल का समय दिया गया है। इससे करदाताओं को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी।

**लाख नए घर बनेंगे:** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में 80 लाख नए घर बनाए जाने का बड़ा एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से किया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए वित्त वर्ष 2022–23 के बजट में 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे।

### 400 नई वंदेभारत ट्रेनें चलेंगी

वित्त मंत्री ने एलान किया कि 400 नई पीढ़ी की वंदेभारत ट्रेनें अगले 3 साल के दौरान चलाई जाएंगी। 100 प्रधानमंत्री गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल भी इस दौरान डेवलप किए जाएंगे। मेट्रो सिस्टम को विकसित करने के लिए नए तरीके अपनाए जाएंगे।

### 2022 में 5जी की शुरुआत

सीतारमण ने कहा कि साल 2022–23 में 5जी मोबाइल सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होगी। इसके बाद से निजी दूरसंचार कंपनियां देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत कर सकेंगी।

### एनपीएस योजना में बदलाव

अब एनपीएस में नियोक्ता का अंशदान बढ़ा दिया गया है। राज्य सरकार के कर्मचारी अब एनपीएस में 14 फीसदी अंशदान दे सकेंगे।

### बजट 2022

**कॉर्पोरेट टैक्स 15 फीसदी किया**

बजट 2022 में केंद्र सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं का टैक्स घटाकर 15 फीसदी करने की घोषणा की गई। वित्त मंत्री ने एलान किया कि अब कॉरपोरेट टैक्स में बदलाव करते हुए इसे 18 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी किया गया है।

**दो लाख आंगनबाड़ी अपग्रेड होंगी**

बजट 2022 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा आंगनबाड़ी को लेकर भी बड़ा एलान किया गया है। उन्होंने बजट भाषण के दौरान कहा कि 2 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। इससे बड़ी राहत मिलेगी।

**आम बजट पर बौखलाया विपक्ष**

बजट से बड़े सौगात की उम्मीद लगाए माननीयों को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की राजधर्म की लकीर ने मायूस किया है। बजट घोषणाओं पर नजर लगाए विपक्षी सांसदों को जब सौगातों की बौछार तो दूर राहत की फुहार नहीं मिली तब उनकी आस टूट गई। कुछ विपक्षी सदस्यों ने सब कुछ बेचे दिए जाने की टीका–टिप्पणी जरूर की।

# आरबीआई इस साल जारी करेगा डिजिटल करेंसी

## केंद्रीय बैंक 2022 में ही अपने डिजिटल मुद्रा लेकर आएगी

**नई दिल्ली।** आरबीआई की डिजिटल मुद्रा का इंतजार खत्म होने वाला है। दरअसल, वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान कहा कि इस साल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी ब्लॉकचौन और नई तकनीक पर आधारित रुपया लॉन्च करेगी। अपने बजट भाषण के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बड़ा एलान किया, जिसके काफी समय से चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि आरबीआई की डिजिटल मुद्रा का इंतजार खत्म होने वाला है केंद्रीय बैंक 2022 में ही अपने डिजिटल मुद्रा लेकर आएगी।

सीतारमण ने कहा कि इससे बेहतर मुद्रा प्रबंधन होगा। आरबीआई ब्लॉकचैन और अन्य तकनीकों के आधार पर आरबीआई डिटिजल रुपी 2022–23 जारी करेगा।

**निवेश बढ़ाने के लिए 7.55 लाख करोड़:** पूंजी निवेश से रोजगार बढ़ाने में बड़े उद्योगों और एमएसएमई दोनों से मदद मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि निजी निवेशकों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके लिए केंद्रीय बजट में 5.54 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7.55 लाख करोड़ रुपये करने का प्रावधान किया गया है।

**एमएसएमई के लिए 6 हजार करोड़:** बजट में कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं शुरू करने का वादा किया गया। इसके लिए 5 साल में 6000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उदयम, ई–श्रम, एनसीएस और असीम पोर्टल आपस में जुड़ेंगे। इससे संभावनाएं और बढ़ेंगी।

### ई–पासपोर्ट की मिलेगी सुविधा

वित्त मंत्री ने बजट 2022–23 में कई बड़े एलान करने के साथ ही ई–पासपोर्ट को लेकर भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ई–पासपोर्ट जारी किए जाएंगे, जिनमें चिप लगी होगी। इनके जरिए विदेश जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी।

**ऑर्गैनिक खेती को मिलेगा बढ़ावा**

कृषि क्षेत्र को लेकर एक और बड़ा एलान किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि गंगा के किनारों के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाली जमीन पर ऑर्गैनिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। खेती की जमीन के दस्तावेजों का डिजिटलीकरण होगा।

**1486 अनुपयोगी कानून होंगे खत्म:** सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान कहा कि देश में लागू 1486 अनुपयोगी कानूनों को खत्म करने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने एलान किया कि अब सेस की जगह नया कानून लाया जाएगा।

# युवाओं के सपने को साकार करेगा बजट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट पेश किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये बजट 100 साल की भयंकर आपदा के बीच विकास का नया विश्वास लेकर आया है। ये बजट अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानवी के लिए अनेक नए अवसर बनाएगा। उन्होंने कहा कि ये बजट अधिक बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश, अधिक विकास और और अधिक नौकरियों की नई संभावनाओं से भरा हुआ है। इससे ग्रीन जाब्स का भी क्षेत्र और खुलेगा। साथ ही कहा कि यह बजट वर्तमान मुद्दों को हल करता है और हमारे युवाओं के लिए एक मजबूत भविष्य का आश्वासन देता है। जिस तरह से हमारे बजट को स्वीकृति मिली है, उसने भारत के लोगों की सेवा करने के लिए हमारी आत्माओं को सशक्त बनाया है।

पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, नार्थ ईस्ट, ऐसे क्षेत्रों के लिए पहली बार देश में पर्वतमाला योजना शुरू की जा रही है। ये योजना पहाड़ों पर ट्रांसपोर्टेशन की आधुनिक व्यवस्था का निर्माण करेगी।

### प्रतिक्रिया

**पीएम के आदेश पर 2 साल से नहीं बढ़ाया टैक्स**

बजट के बाद निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कई अहम बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि कि कैसे टैक्स में कोई बदलाव नहीं करना भी हर नौकरीपेशा के लिए एक बड़ी राहत है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्होंने ना तो पिछले साल ना ही इस साल इनकम टैक्स के नाम पर एक भी पैसा बढ़ाया है। यानी यह भी किसी राहत से कम नहीं है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछली बार पीएम मोदी का आदेश था कि डेफिसिट कितना भी क्यों ना हो, इस महामारी के दौरान लोगों पर टैक्स का बोझ नहीं डालना है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# रक्षा क्षेत्र में रिसर्च के लिए 25 प्रतिशत बजट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास बजट का 68 फीसदी हिस्सा मेक इन इंडिया के लिए निर्धारित किया गया है। रक्षा में अनुसंधान के लिए 25 फीसदी बजट और उत्पादन का आयात कम करने की घोषणा हुई।

**पीएम ई-विद्या प्रोग्राम का दायरा बढ़ा:** महामारी के दौरान स्कूल बंद रहने से गांव के बच्चों को दो साल शिक्षा से वंचित रहना पड़ा। पीएम ई–विद्या के तहत ऐसे बच्चों के लिए एक क्लास–एक टीवी चौनल प्रोग्राम के तहत अब चौनल 12 से बढ़ाकर 200 कर दिए जाएंगे। ये चैनल क्षेत्रीय भाषाओं में होंगे।

### 68 फीसदी हिस्सा मेक इन इंडिया के लिए निर्धारित

**डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना:** वित्त मंत्री ने कहा कि अब कक्षा 1 से 12वीं तक की पढ़ाई क्षेत्रीय भाषा में होगी। व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तकनीक की मदद ली जाएगी। एक डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।

**सह्वरेन ग्रीन बॉन्ड होंगे जारी**

क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए सॉवेरन ग्रीन बॉन्ड्स जारी किए जाएंगे। इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।